# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 1469/परीक्षा/पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./ऑनलाईन/2019 रायपुर,दिनांक 25/11/2019

## // अधिसूचना //

(1) पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए. एवं पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलासफी प्रथम समेस्टर (नियमित/भूतपूर्व) दिसंबर 2019 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

(2) इसी प्रकार दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए. प्रथम समेस्टर, केवल पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा दिसंबर 2019 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये ऑनलाईन पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकृत वेबसाईट **www.prsuuniv.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – | **26/ 11/2019 से 05/12/2019 तक** |
| 2. | परीक्षार्थियों द्वारा संबंधित अध्ययनशालाओ/महाविद्यालय में हार्डकापी एवं संलग्नकों के साथ आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि– | **07/12 /2019 तक** |
| 3 | संबंधित अध्ययनशालाओ/महाविद्यालय द्वारा पी.जी.डी.सी.ए.,डी.सी.ए एवं पीजी. डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलासफी परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराई गई हार्डकापी, गोसवारा, शुल्क विवरण सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि – | **10/ 12/2019 तक** |
| 4 | विलंब शुल्क रू. 100/– के साथ ऑनलाईन द्वारा संपूर्ण शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **06/ 12/2019 से 09/12 /2019 तक** |
| 5 | विलंब शुल्क रू.100/– के साथ परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन से भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी संलग्नकों सहित संबंधित परीक्षा केन्द्र में जमा करने की तिथि | **10/12/2019 तक** |
| 6 | विलंब शुल्क रू.100/– के साथ परीक्षार्थियों द्वारा जमा कराये गये हार्ड कापी एवं संलग्नकों सहित एवं नॉमिनल रोल, न्यूमेरिकल रिटर्न, शुल्क सूची, गोसवारा, अशेष प्रमाण पत्र के साथ परीक्षा केन्द्रों द्वारा वि.वि. पहुंचाने की तिथि | **12/12/2019 तक** |

### परीक्षा शुल्क

| क्र. | कक्षा/विषय | नियमित (रू.) | भूतपूर्व (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1 | पी.जी.डी.सी.ए. एवं डी.सी.ए. | 1440=00 | 1440=00 |
| 2 | पीजी डिप्लोमा इन योगा एजुकेशन एण्ड फिलासफी | 1230=00 | 1230=00 |

**टीप** :–1. उपरोक्त निर्धारित तिथि के पश्चात सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
(**परीक्षा शुल्क** –इंटरनेट बैकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा किये जा सकते है।)

*क्रमशः...02*

**परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देशः–** सेमेस्टर परीक्षा 2019–20 हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.prsuuniv.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगीः–

1. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये " Create User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" प्राप्त करेंगे।
2. Login करने के उपरांत Semester Exam From विकल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करेंगे।
3. Fee Payment के बाद Exam From कि कॉपी प्रिंट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने संबंधित अध्ययनशाला अथवा परीक्षा केन्द्र में जमा करेंगे।
4. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो,तो **मोबाईल नं.–9304963349** पर अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा ई–मेल द्वारा **prsuunivhelpdesk@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान कर सकते हैं।
5. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे तथा एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित परीक्षा केन्द्रों में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30/– (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ अध्ययनशाला में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे।

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किये जा रहे है उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किये जावें जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 75% हो जावेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जावें। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल न हुये हों उनके परीक्षा आवेदन भी अग्रेषित न किये जावें।
2. परीक्षा शुल्क/गोसवारा/नॉमिनल रोल वि. वि. के वेबसाईट– **www.prsu.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
3. संबंधित पाठ्यक्रम के अध्यादेश के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. अग्रेषण अधिकारी यह ध्यान देवें कि परीक्षार्थियों के पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न कराकर ही आवेदन अग्रेषित करें।
5. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी की पात्रता न होने पर भी उसके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी वि0 वि0 को अग्रेषित किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी
6. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, नामिनल रोल, गोसवारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नको) इत्यादि के साथ उपरोक्त तिथि तक दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करेंगे। उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी स्थिति में हार्डकापी स्वीकार नहीं की जावेंगी।
7. दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले समस्त महाविद्यालयों के परीक्षार्थियों को अपना ऑनलाईन आवेदन के करने के पूर्व अपने सेमेस्टर की सभी अंकसूचियों के साथ परीक्षा विभाग में संपर्क करने के उपरांत ही वे ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। अतः संबंधित दुर्ग वि.वि. क्षेत्राधिकार के समस्त महाविद्यालय अपने संबंधित परीक्षार्थियों को इससे अवगत करावें।

आदेशानुसार,

5.11.19

**कुलसचिव**

क्रमशः...03

पृ. क्रमांक1470/परीक्षा / पी.जी.डी.सी.ए. / डी.सी.ए. / ऑनलाईन / 2019 रायपुर,दिनांक25/11/2019

**प्रतिलिपि :–**

1. कुलसचिव, दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्र के लिए पी.जी.डी.सी.ए.एवं डी.सी.ए. प्रथम समेस्टर, केवल पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व परीक्षार्थी परीक्षा दिसंबर 2019 के परीक्षा के लिए विवेकानंद महाविद्यालय,रायपुर में आयोजित होगी।
2. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों / परीक्षा केन्द्रों को इस निर्देश के साथ कि वे उपरोक्त निर्धारित तिथि तक शुल्क विवरण, न्यूमेरिकल रिटर्न, गोसवारा इत्यादि के साथ परीक्षाआवेदन पत्र की हार्डकापी संलग्नकों सहित विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से जमा कराने की व्यवस्था करावें।
3. उ.कु.स., गोपनीय को इस निवेदन के साथ कि दिसंबर 2019 में आयोजित होने वाले परीक्षाओं की गोपनीय तैयारी यथा शीघ्र पूर्ण कर लेवे ताकि अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार परीक्षा संपन्न किया जा सके।
4. प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष / संबंधित महाविद्यालयों को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित् कि वे अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए अधिसूचना मे जारी निर्देश का पालन करते हुए भलीभांति परीक्षण कर परीक्षार्थियों के पात्रता अनुसार संबंधित कक्षाओं के लिए भरे गये ऑनलाईन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित सेमेस्टर परीक्षा के आवेदन उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अग्रेषित करें।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण / संचालक, महाविद्यालयीन विकास परिषद।
6. उ0कु0स0, गोपनीय / उ0कु0स0, अकादमी / उ0कु0स0, सा0प्रशा0 / वित्त नियंत्रक / समायोजन प्रकोष्ठ ।
7. प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर / रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि0वि0 के **खाता कमांक 1004959002** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग / डेबिट कार्ड / क्रेडिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।
8. अध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययनशाला को इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे अपलोड करने की व्यवस्था करवाएं।
9. उ0कु0स0, विकास / प्रभारी नामांकन / प्रभारी, वि0 वि0 मुद्राणालय / प्रभारी, वाहन प्रकोष्ठ ।
10. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, गोपनीय विभाग / संचालक, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता,रांची–'झारखंड।
11. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्।
12. संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर / अमर–किरण, दुर्ग / सबेरा–संकेत, राजनांदगांव को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

Annual-2018-Sem.Dec.Jan-PGDCA_DCA-2018-19